बरेली, सोमवार
14 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# सूक्ष्मजीवी वायरस से बचाव को वैक्सीन अपनाना जरूरी

- पद्मश्री डा. अलका देशपांडेय ने वायरस जनित बीमारियों के ऊपर दिया व्याख्यान
- वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया के पहले सम्मेलन में शामिल हुईं महिला फिजिशियन

जागरण संवाददाता, बरेली: वर्तमान समय में तमाम वायरस जनित बीमारियां आपदा बनती जा रही हैं। चाहे वह सार्स, जीका वायरस से हो या एचआइवी या कोविड से। इन सबसे बचाव के लिए हमें संतुलित जीवनशैली के साथ ही इससे संबंधित वैक्सीन को अपनाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य है कि ऐसा होता नहीं। वैक्सीन को लेकर ज्यादातर लोग जागरूक नहीं हैं। यह बातें पद्मश्री हासिल करने वाली महिला फिजिशियन डा. अलका देशपांडेय ने वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया की कान्फ्रेंस में वायरस जनित बीमारियों पर दिए व्याख्यान में कहीं।




एसआरएमएस में वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया की कांफ्रेंस में पत्रिका का विमोचन करते अतिथि • सौ. संस्थान

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में महिला फिजिशियन डा. अलका देशपांडेय ने कहा कि हजारों वर्षों से इंसान सूक्ष्मजीवियों के साथ रह रहा है, लेकिन इंसानी स्वार्थ से होने वाला प्रकृति को नुकसान वायरस में बदलाव ला रहा है। इंसान की बिगड़ती आदतें और असक्रिय जीवनशैली भी सूक्ष्मजीवियों के लिए मददगार साबित हो रही है। यही वजह है कि वायरसजनित बीमारियां आपदा बनती जा रही हैं। कहा कि वर्ष 1970 में जब उन्होंने एमडी मेडिसिन में प्रवेश लिया तब वह अपने बैच में इकलौती महिला थीं। धीरे धीरे इस ब्रांच में महिलाओं की संख्या बढ़ी। पिछले वर्ष वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया का गठन हुआ था।

**डा. आसिमा और डा. दीप्ती रहीं प्रथम:** कालेज में पीजी क्विज और पोस्टर प्रेजेंटेशन हुआ। पीजी क्विज में रुहेलखंड मेडिकल कालेज की डा. आसिमा अरोड़ा और डा. दीप्ति सिंह प्रथम रहीं। पोस्टर प्रेजेंटेशन में पहला पुरस्कार संयुक्त रूप से डा. कृतिका छाबड़ा (एसआरएमएस) और डा. साईं कृति (जीएमसी हल्द्वानी) को मिला। डा. स्मिता गुप्ता ने आभार जताया।

इस दौरान डा. सीमा सेठ, डा. अस्मिता देशमुख, डा. अर्चना पाटे, डा. मीनाक्षी अवस्थी, डा. निधि मिश्रा, डा. शक्ति कंसल, डा. प्रेरणा कपूर आदि उपस्थित रहे।

### विशेषज्ञों ने प्रेग्नेंसी डिसआर्डर पर दिया व्याख्यान

दूसरे दिन उद्घाटन सत्र के साथ चार साइंटिफिक सत्र हुए। मुख्य अतिथि डा. अलका देशपांडेय, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने उद्घाटन सत्र में सभी का स्वागत किया। डा. वेणु जामवाल (जम्मू) ने यूटीआई रिस्क फैक्टर्स और मैनेजमेंट, डा. रेनू सैगल (जयपुर) ने लूपस नेफ्राइटिस पर व्याख्यान दिया। संचालन डा. अनामिका सावंत ने किया। अगले सत्र में प्रेग्नेंसी संबंधी डिसआर्डर पर व्याख्यान हुए। इसमें डा. श्रुति शर्मा (बरेली) ने प्रेग्नेंसी के दौरान थाइराइड डिसआर्डर की जानकारी दी। डा. रुचि गुप्ता (जयपुर) ने महिलाओं में दिल की बीमारी और इसके असर को बताया। डा. मनीषा द्विवेदी (प्रयागराज) ने प्रेग्नेंसी के दौरान लिवर डिसआर्डर पर व्याख्यान दिया।